पत्रिका

Fake paneer firm sealed: Video: नकली पनीर बनाने वाले सागर डेयरी पर प्रशासन ने मारा छापा, 150 किलो पनीर जब्त, फर्म सील

अंबिकापुर. शहर के बिशुनपुर खुर्द स्थित सागर डेयरी में नकली पनीर (Fake paneer firm sealed) बनाया जा रहा था। शिकायत पर प्रशासनिक टीम ने शुक्रवार की शाम को छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम ने 150 किलो ग्राम नकली पनीर जब्त किया है। डेयरी का लाइसेंस भी एक्सपायर हो चुका था। दोनों ही मामले को देखते हुए टीम ने सागर डेयरी सील कर दिया है।

जिले में नकली पनीर, दूध, घी सहित अन्य सामान (Fake paneer firm sealed) बनाकर खपाया जा रहा है। इसकी शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी सह अभिहित अधिकारी, अंबिकापुर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं पुलिस बल संयुक्त टीम ने बिशुनपुर खुर्द स्थित सागर डेयरी में छापेमारी की।
पंचायत भवन के पास संचालित इस फर्म में विभिन्न अवैध सामग्रियों से पनीर (Fake paneer firm sealed) का निर्माण किया जा रहा था। जांच के दौरान टीम ने पाया कि निर्माण कार्य में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा था।
Source: https://www.patrika.com/ambikapur-news/fake-paneer-firm-sealed-19526636